# प्रायोगिक बहुउद्देशीय विद्यालय
## क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, अजमेर)
## कक्षा–11वीं
## (बाहरी विद्यालय के विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु)

प्रायोगिक बहुउद्देशीय विद्यालय, अजमेर, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (रा.शै.अ.प्र.प.) नई दिल्ली की अंगीभूत इकाई, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, अजमेर से संबद्ध एक स्वायत्तशासी संगठन है। यह क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान की एक प्रयोगशाला के रूप में विद्यालयी शिक्षा का अभिज्ञान, विश्लेषण तथा अनुसंधान करने के साथ ही प्रविधियों के विकास एवं वास्तविक कक्षागत परिस्थितियों में उनकी परख के दृष्टिकोण से होने वाले प्रयोगों के लिए एक प्रयोगशाला का कार्य करता है।

यह भावी शिक्षकों को उनके आन्तरिक शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दौरान प्रेक्षण, अधिगम तथा शिक्षण में भागीदारी के योग्य बनाता है। यह पाठ्यचर्या विकास के केन्द्र के रूप में भी कार्य करता है।

उपर्युक्त उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु विद्यालय के पास पूर्व–प्राथमिक कक्षा से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का व्यापक कार्यक्रम उपलब्ध है।

**विद्यालय संबंधी सामान्य सूचना / जानकारी**

1. विद्यालय मे सह–शिक्षा (छात्र–छात्रा दोनों के लिए) है तथा यह केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली से संबद्ध है।
2. उच्च माध्यमिक स्तर पर विद्यालय में विज्ञान, मानविकी, तथा वाणिज्य संकाय में पाठ्यक्रम उपलब्ध है।
3. विद्यालय मे व्यावसायिक पाठ्यक्रम उपलब्ध है।
4. विद्यालय में पुस्तकालय एवं वाचनालय की अच्छी व्यवस्था है।
5. विद्यालय के पास भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित, इंजीनियरी ग्राफिक्स, भूगोल, गृह विज्ञान, काष्ठ शिल्प, विद्युत, कृषि, सौंदर्य एव स्वास्थ्य, खुदरा तथा कम्प्यूटर विज्ञान की समृद्ध प्रयोगशालाएं उपलब्ध हैं।
6. पाठ्यचर्या के सभी पहलुओं पर पर्याप्त जोर दिया जाता है जिसमें शारीरिक एवं स्वास्थ्य शिक्षा, कला शिक्षा, समाजोपयोगी उत्पादक कार्य तथा स्वस्थ एवं उत्पादक जीवन शैली शामिल है।
7. विद्यालय में छात्र–छात्राओं हेतु राष्ट्रीय कैडेट कोर की नौसेना शाखा उपलब्ध है। (केवल 8वीं एवं 9वीं के लिये)

**कक्षा XI के विभिन्न संकायों में प्रवेश लेने के लिए योग्यता मापदण्ड :–**

**प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी कक्षा दसवीं की परीक्षा 2025 या 2026 (सीबीएसई परीक्षा, आरबीएसई परीक्षा अथवा समकक्ष परीक्षा) उत्तीर्ण होना चाहिए।**

## विज्ञान संकाय

- प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों के दसवीं बोर्ड परीक्षा 2025 या 2026 सीबीएसई, आरबीएसई अथवा समकक्ष परीक्षा में मुख्य पांच विषयों में कुल मिलाकर 60% अंकों के साथ विज्ञान विषय में 60% अंक होना आवश्यक है।
- इसके अतिरिक्त यदि गणित विषय का चयन किया जाता है तो गणित मानक (Mathematics Standard) विषय में 60% अंक या बेसिक गणित (Mathematics Basic) मे 65% अंक होना आवश्यक है। अन्य बोर्ड होने की स्थिति मे गणित विषय मे 60% अंक होना आवश्यक है।
- यदि जीव विज्ञान विषय का चयन किया जाता है तो गणित मानक (Mathematics Standard) विषय में 55% अंक या बेसिक गणित (Mathematics Basic) मे 60% होना आवश्यक है। अन्य बोर्ड होने की स्थिति मे गणित विषय मे 60% अंक होना आवश्यक है।

## वाणिज्य संकाय

- प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों के दसवीं बोर्ड परीक्षा 2025 या 2026 सीबीएसई, आरबीएसई अथवा समकक्ष परीक्षा में मुख्य पांच विषयों में कुल मिलाकर 45% अंक होना आवश्यक है।
- इसके अतिरिक्त यदि गणित विषय का चयन किया जाता है तो गणित मानक (Mathematics Standard) विषय में 60% अंक या बेसिक गणित (Mathematics Basic) मे 65% होना आवश्यक है। अन्य बोर्ड होने की स्थिति मे गणित विषय मे 60% अंक होना आवश्यक है।

## मानविकी संकाय

- प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों के दसवीं बोर्ड परीक्षा 2025 या 2026 सीबीएसई, आरबीएसई अथवा समकक्ष परीक्षा में मुख्य पांच विषयों में कुल मिलाकर 33% अंक होना आवश्यक है।

**योग्यता सूची तैयार करनाः– सभी श्रेणीयों (सामान्य, एनसीईआरटी वार्ड, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, भूतपूर्व सैनिक और दिव्यांग) के सभी पात्र विद्यार्थियों की अलग–अलग वरीयता सूची (Merit List) तैयार की जाएंगी।**

**प्रवेश संबंधी जानकारी के लिए नियमित रूप से वेबसाईट (www.rieajmer.raj.nic.in) देखते रहें।**

**पंजीकरण हेतु आवश्यक दस्तावेज**

1. सम्पूर्ण रुप से भरा हुआ आवेदन पत्र विद्यालय कार्यालय में जमा करवाकर उसकी पावती अवश्य प्राप्त कर लें।
2. केवल आवेदन पत्र जमा करवा देना यह सुनिश्चित नहीं करता हैं कि अभ्यर्थी का प्रवेश हो ही जाएगा।
3. आवेदन पत्र के समय विद्यार्थी की फोटों, कक्षा 10वीं की उर्त्तीण की अंकतालिका, आधार कार्ड, जाति प्रमाण–पत्र एवं अन्य प्रमाण–पत्र (यदि लागू हो तो) की प्रतिलिपि आवश्यक रुप से संलग्न करनी होगी साथ ही पंजीयन शुल्क रु. 100/– नगद जमा कराने होगें।

**आरक्षण मापदण्ड**

आरक्षण निम्नानुसार देय होगा :–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य | 50% | 4 | अनुसूचित जनजाति | 7.5% |
| 2 | NCERT Ward | 24% | 5 | भूतपूर्व सैनिक | 2.5% |
| 3 | अनुसूचित जाति | 15% | 6 | दिव्यांग | 1% |

1 उपरोक्तानुसार विद्यार्थी जिस श्रेणी मे आवेदन करता है उसे उसी श्रेणी का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात् ही आरक्षण का लाभ देय होगा।

2 अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीटें रिक्त रहने पर परस्पर अंतः परिवर्तित की जा सकती हैं।

3 दिव्यांग में सीटें रिक्त रहने पर सामान्य श्रेणी में से भरी जाएंगी।

**<u>योग्यता सूची तैयार करना</u>**

1 विद्यार्थियों के मुख्य पांच विषयों के अंको के आधार पर वरीयता सूची तैयार की जायेगी तत्पश्चात् उपलब्ध सीटों पर वरीयता सूची के अनुसार प्रवेश दिया जायेगा।

2 यदि कोई विद्यार्थी एक संकाय से अधिक संकायों में आवेदन करता है एवं योग्य पाया जाता है तो वरीयता सूची तैयार करने से पूर्व उस विद्यार्थी से संपर्क कर एक संकाय में प्रवेश लेने हेतु अंडरटेकिंग ली जायेगी ताकि दूसरे संकाय में सीट रिक्त न रह जाये।

**चयनित विद्यार्थियों की सूची प्रकाशित होने के पश्चात प्रवेश हेतु आवश्यक निर्देशः**

1 प्रवेश प्रक्रिया विद्यालय के कार्य दिवसों में ही की जायेगी।

2 प्रवेश के समय पंजीयन प्रपत्र की रसीद अनिवार्य है।

3 प्रवेश प्रपत्र में छात्र/छात्रा का नाम, माता एवं पिता का नाम (स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र के आधार पर) हिंदी तथा अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में (Capital letter) दोनों भाषाओं में सुपाठ्य अक्षरों में लिखा जाना अनिवार्य है।

4 प्रवेश के समय विद्यार्थी की फोटो, कक्षा 10वीं उर्त्तीण की अंकतालिका, जन्म प्रमाण–पत्र, आधार कार्ड, जाति प्रमाण–पत्र एवं अन्य प्रमाण–पत्र (यदि लागू हो तो) की प्रतिलिपि आवश्यक रुप से संलग्न करनी होगी। मूल स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र (Original T.C.) एवं अन्य बोर्ड होने की स्थिति मे मूल प्रवजन प्रमाण–पत्र (Original Migration Certificate) होना आवश्यक है (मूल स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र एवं प्रवजन प्रमाण–पत्र के अभाव मे अंडर टेकिंग देनी होगी और तय समय मे दोनों मूल प्रति शाला मे जमा करानी होगी)।

5 यदि विद्यार्थी वर्ष 2025 मे 10वीं कक्षा पास के आधार पर कक्षा 11वीं मे प्रवेश लेना चाहता है तो 01 वर्ष का अन्तराल (Gap) हेतु रु50/– का शपथ–पत्र (affidavit) देना होगा। प्रवेश के समय कक्षा दसवीं का स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र भी आवश्यक रुप से प्रस्तुत करना होगा।

6 प्रवेश प्रपत्र के साथ संलग्न की गई प्रतिलिपियों के सत्यापन हेतु मूल दस्तावेज भी आवश्यक रुप से लाने होगें।

7 विद्यार्थियों को प्रवेश फॉर्म (मय आवश्यक दस्तावेज) जमा कराने के साथ ही फीस जमा कराना अनिवार्य है। जमा फीस किसी भी परिस्थिति मे वापस नहीं लौटाई जायेगी।

8 यदि कोई भी विद्यार्थी पंजीकरण के समय एवं प्रवेश के समय गलत जानकारी देता है तो उसका प्रवेश निरस्त माना जाएगा।

9 यदि प्रवेश के लिए चुना गया विद्यार्थी निर्धारित दिनांक तक प्रवेश नहीं करवाता है तो उसके बाद वह अपने प्रवेश का अवसर खो देगा।

10 जिन अभिभावकों के मात्र एक सन्तान (लड़की) है उन छात्राओं के लिए नियमानुसार शाला शुल्क मे छूट प्रदान की जाएगी। इस हेतु रु50/– का शपथ–पत्र (affidavit) देना होगा साथ ही राशन कार्ड एवं जनआधार कार्ड की प्रतिलिपि प्रस्तुत करनी होगी।

11 यदि कोई विद्यार्थी प्रवेश की दिनांक के बाद बिना किसी लिखित सूचना के तीन दिनों तक अनुपस्थित रहता है और सत्र के दौरान लगातार 10 दिनों तक बिना लिखित सूचना के अनुपस्थित रहता है तो उसका प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा।

12 मानविकी संकाय में अनुसूचित जाति की सभी (06) सीटें डीएमएस विद्यार्थियों से भरी हुई हैं तथा अनुसूचित जन जाति की 02 सीटें रिक्त हैं। यदि अनुसूचित जन जाति का कोई आवेदन प्राप्त नहीं होता है तो वह दोनों सीटें अनुसूचित जाति वर्ग से भरी जाएंगी।

**<u>शुल्क संरचना</u>**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Admission Fees | 200/- | 6 | Lab. Fees (Annual) | 250/- |
| 2 | Tuition Fees (06 Months)* | 1200/- | 7 | Pupil Fund (06 Months) | 3000/- |
| 3 | Science Fees (06 Months) (For Science Stream) | 500/- | 8 | Diary (Annual) | 100/- |
| 4 | Exam/Assessment Fee (Annual) | 200/- | 9 | Magazine Fee (Annual) | 150/- |
| 5 | Work Exp. Fee/Computer Fees (06 Months) | 500/- | 10 | I Card (Annual) | 50/- |

* No tuition fees will be charged SC/ST and girls students